Dear Parents,

Session 2018-2019 is progressing quite well. We just had our 'Orientation Session' with Primary, Middle and Secondary schoolers parents and it was heartening to see your approach, co-operation and support. APS family extends gratitude for it.

A warm welcome to students who have joined our school this session. We stand committed to providing quality education to our children. The teachers follow a detailed plan of instruction that is guided by CBSE and AWES. SAMC is our pillar of strength as our teachers focus on holistic development of our students. We shall certainly continue to implement our 'Systems Approach' to support all students by using interventions to help each child make academic progress. Progress is best assured when student, parents and school are working towards same goal. It's like when every player is an active member, the team is sure to be the best and everyone is a winner. So let's strive to be all winners!

For Summer Break Assignments, practice sheets are devised to ensure revisions for coming assessment. Kindly go to the website: www.apsbinnaguri.org and follow these steps for the same

Steps to download:

i. Browse the website→ Home page (first page of the website)

ii. Then check the Bulletin Board→ link will be available.

OR

Home Page→ Click on 'APS News' option→ Choose Holiday Homework option from the dropdown menu.

We would also seek your co-operation to help lift up academics. We would welcome parents to offer their names for substitute facilitators/ teachers, judges for events round the year. Kindly e-mail at apsbinnaguri1@gmail.com or give your details at Front Desk.

We truly believe that an entire community is needed to empower our students to become successful citizens. I look forward to a great year and working with such an amazing community.

Awaiting your constructive suggestions.

आर्मी पब्लिक स्कूल,बिन्नागुड़ी,

प्रथम कार्य पत्रिका 1, (2018-19)

विषय:- हिन्दी

कक्षा:- आठवीं

निर्धारित समय:- 11/2 घंटे **अधिकतम अंक: 40**

(खंड-क) अपठित बोध

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित पद्यांश गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

पावस ऋतू थी पर्वत प्रदेश
पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेशमेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
निचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला विशाल!
गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों-से सुंदर
झरते है झाग भरे निर्झर!

क) काव्यांश में किस ऋतू का वर्णन है ?

ख) पर्वत क्या कार्य कर रहा है ?

ग) विशाल तालाब कैसा दिखाई पढ़ रहा है ?

घ) पर्वत का गुणगान कौन कर रहा है ?

ङ) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिये?

(खंड-ख) व्याकरण

प्रश्न 2 निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर .दीजिए-:

क) संज्ञा की परिभाषा उदहारण सहित लिखिए:-

ख) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

ग) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

ङ) **निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक,जातिवाचक, व्यक्तिवाचक संज्ञा के वर्ग में अलग-अलग लिखिए:-**
जापान,सागर, दिल्ली, रामायण, बचपन, मित्रता, शिशु, अध्यापक, डाकिया, बुराई, लिखावट, ताजमहल, शहर, विद्यालय |

च) विशेषण की परिभाषा उदहारण सहित लिखिए:-

छ) विशेषण के कितने भेद होते हैं | उनके भेद लिखिए|

ज) सर्वनाम की परिभाषा उदहारण सहित लिखिए:-

झ) क्रिया किसे कहते हैं ? उदहारण सहित लिखिए |

ञ) नि:शुल्क पुस्तकें प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें |

(खंड-ग) पाठ्य पुस्तक

प्रश्न 3. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) दीवानों के समूह की चाल अन्य लोगों की चाल से किस तरह अलग होती है?

ख) समझदार आदमियों ने लेखक और उसके साथियों को क्या सलाह दी ?

ग) बदलू का स्वाभाव कैसा था?

घ) 'ध्वनि' का शाब्दिक अर्थ बताते हुए लिखिए कि कवि ने इस कविता का शीर्षक 'ध्वनि' क्यों रखा ?

ङ) इतिहास लेखन के बारे में इतिहासकार गेटे का क्या कहना है ?

च) अहमदनगर किले में नेहरु जी अपना शौक पूरा करने के लिए क्या करने लगे?

छ) नेहरु जी ने सिन्धु घाटी की सभ्यता को आश्चर्यजनक क्यों कहा ?

ज) सिन्धु घाटी सभ्यता किस स्थान से सम्बंधित है ?

प्रश्न 4. निम्लिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) किस घटना ने लेखक को अचानक बदलू की याद दिला दी?

ख) लेखक के बस चलने के बारे में पूछने पर बस कम्पनी के हिस्सेदार ने उसके बारे में क्या बताया ?

ग) दीवानों के जीवन में आँसू और उल्लास का विरोधाभास साथ-साथ क्यों है?

प्रश्न 5. निम्लिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें-:

क) 'दीवानों की हस्ती' कविता में निहित सन्देश स्पष्ट कीजिये|

ख) कंपनी के हिस्सेदार को क्या सचमुच में क्रांतिकारी आन्दोलन का नेता होना चाहिए था या उन पर व्यंग्य किया गया है?

....

आर्मी पब्लिक स्कूल,बिन्नागुड़ी,

द्वितीय कार्य पत्रिका 2, (2018-19)

विषय:- हिन्दी

कक्षा:- आठवीं

निर्धारित समय:- 11/2 घंटे **अधिकतम अंक: 40**

(खंड-क) अपठित बोध

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

मैने छुटपन में छुपकर पैसे बोए थे,
सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी,
और, फूल-फूलकर,मैं मोटा सेठ बनूँगा!
पर बंजर धरती पर एक न अंकुर फूटा,
वन्ध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला!
सपने जाने कहाँ मिटे, सब धूल हो गए!
मैं हताश हो, बाट जोटा रहा दिनों तक,
बाल कल्पना के अपलक पाँवड़े बिछाकर!
मैं अबोध था, मैने गलत बीज बोए थे,
ममता को रोपा था, तृष्णा को सींचा था|

क) कवि ने पैसे क्यों बोए थे ?

ख) पैसे बोने का क्या परिणाम हुआ?

ग) कवि का सपना क्या था?

घ) कुछ समय बाद कवि ने क्या महसूस किया?

ङ) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिये?

(खंड-ख) व्याकरण

प्रश्न 2 निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर .दीजिए-:

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति संज्ञा-शब्दों से कीजिये |

ख) रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें |

i) प्रश्न पत्र देखकर मुझे घबराहट होने लगी |

ii) प्रेमचंद का स्वभाव बहुत ही विनम्र था |

ग) रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखें |

i) उन्होंने आपको बुलाया है |

ii) मै. अपने आप घर चला जाऊँगा|

घ) विशेषण शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें |

i) आलोक मेरा ....भाई है |

ii) विद्यार्थियों को ....कहानियाँ पढ़नी चाहिए |

ङ) समय पर मनीऑर्डर न पहुँचने की शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को पत्र लिखिए |

(खंड-ग)पाठ्य पुस्तक

प्रश्न 3. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) दीवाने जहाँ जाते थे, वहाँ लोगो की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

ख)'बस की यात्रा' गद्य की कौन सी विधा है?

ग) बदलू के माकन के सामने किसका पेड़ था ?

घ) 'ध्वनि' कविता के रचयिता कौन है?

ङ) नेहरु जी को कलम उठाने के लिए क्यों विवश होना पड़ा?

च) अतीत के दवाब के बारे में नेहरु जी ने क्या कहा है ?

छ) भारतीय सभ्यता के संपर्क में कौन-कौन आए ? इससे क्या प्रभाव पड़ा ?

ज) नेहरु जी विदेशी यात्रियों के द्वारा लिखे गए साहित्य को क्यों पढना चाहते ?

प्रश्न 4. निम्लिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) किस घटना ने लेखक को अचानक बदलू की याद दिला दी?

ख) लेखक शाम को जिस बस से यात्रा करना चाहता था, उसकी दशा कैसी थी ?

ग) दीवानों के दिल पर असफलता की निशानी क्यों शेष रह गई है ?

प्रश्न 5. निम्लिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें-:

क) 'दीवानों' ने संसार को 'भिखमंगो की दुनिया' क्यों कहा है ?

ख) लेखक को अपनी बस यात्रा में जिन-जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उनका उल्लेख कीजिये |

....

आर्मी पब्लिक स्कूल,बिन्नागुड़ी,

तृतीय कार्य पत्रिका 3, (2018-19)

विषय:- हिन्दी

कक्षा:- आठवीं

निर्धारित समय:- 11/2 घंटे **अधिकतम अंक: 40**

(खंड-क) अपठित बोध

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

हम सब सुमन एक उपवन के!
रंग-रंग रूप हमारेअलग-अलग है क्यारी-क्यारी,
लेकिन हाँ सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी |
एक हमारा माली, हम सब
रहते निचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के!
एक हमारी धरती सबकी
जिसकी मिटटी से जन्मे हम,
मिली एक ही धूप हमें है
सींचे गए एक जल से हम |
पीला हुए हैं झूल-झूल कर
पलनो में हम एक पवन के
हम सब सुमन एक उपवन के!

क) इस काव्यांश के माध्यम से क्या सन्देश दिया गया है ?
ख) 'अलग-अलग है क्यारी-क्यारी' का क्या आशय है?
ग) काव्यांश में 'सुमन' किन्हें कहा गया है?
घ) 'हम सब एक है' यह किस कथन से ज्ञात होता है?
ड) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिये?

(खंड-ख) व्याकरण

प्रश्न 2 निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर .दीजिए-:

क) संज्ञा को विभिन्न तीन उदाहरणों सहित परिभाषित करे ?
ख) संज्ञा के भेद उदहारण सहित लिखें |
ग) विशेषण को उदहारण सहित परिभाषित करें |
घ) सर्वनाम किसे कहते हैं |

ङ) सर्वनाम के सभी भेद उदहारण सहित लिखें |

च) पेय जल की समस्या का वर्णन करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखें |

(खंड-ग) पाठ्य पुस्तक

प्रश्न 3. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) लोगो की खुशियाँ लम्बे समय तक क्यों नहीं बनी रह पाती?

ख) लेखक सतना से कहाँ जाने वाली ट्रेन पकड़ना चाहता था?

ग) ज़मींदार कितने पैसे देकर चूड़ियों का जोड़ा खरीदना चाहता था?

घ) 'ध्वनि' कविता में कवि पुष्पों को सहर्ष किससे सींचना चाहता है?

ङ) नेहरु जी अपनी विरासत किसे मानते हैं?

च) नेहरु जी के अनुसार भारतवासियों की विरासत की क्या विशेषता है ?

छ) हिमालय के हृदय से कौन-कौन सी नदियाँ निकलती है ?

ज) नेहरु जी पहाड़ों तथा कश्मीर की ओर क्यों आकर्षित हुए ?

प्रश्न 4. निम्लिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) किस घटना ने लेखक को अचानक बदलू की याद दिला दी?

ख) लेखक शाम को जिस बस से यात्रा करना चाहता था, उसकी दशा कैसी थी ?

ग) दीवाने 'आज यहाँ, कल वहाँ' आवागमन क्यों करते रहते हैं ?

प्रश्न 5. निम्लिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें-:

क) 'दीवानों की हस्ती' कविता के आधार पर दीवानों की विशेषताएँ लिखिए ?

ख) लेखक को बस में माँ द्वारा बच्चे को शीशी से दूध पिलाने बात क्यों याद आ रही थी ?

....

आर्मी पब्लिक स्कूल,बिन्नागुड़ी,

चतुर्थ कार्य पत्रिका 4, (2018-19)

विषय:- हिन्दी

कक्षा:- आठवीं

निर्धारित समय:- 11/2 घंटे **अधिकतम अंक: 40**

(खंड-क) अपठित बोध

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

करना चाहे इंसान मगर वह हो न सके
इतना मुश्किल कोई भी काम नहीं होता,
जब तक पतझर अपने घर लौट नहीं जाते
चौकस रहना तब तक विश्राम नहीं होता |
जो दुष्ट बवंडर को ललकार नहीं सकता
उसकी नौका धारा के पार नहीं उतरती ||

क) कवि के अनुसार कोई भी कार्य मुश्किल क्यों नहीं है ?

ख) हमें कब तक विश्राम नहीं करना चाहिए ?

ग) कवि के अनुसार दुष्ट कौन है?

घ) किसकी नौका धारा के पार नहीं उतरती ?

ड) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिये ?

(खंड-ख) व्याकरण

प्रश्न 2 निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर .दीजिए-:

क) नीचे दिये गए वाक्यों में संज्ञा की पहचान कर उनके भेद लिखे -

i) कर्म योनि कृष्ण को मेरा प्रणाम ।

ii) हमारे शहर के आस - पास कई गाँव हैं ।

ख) नीचे दिये गए वाक्यों में से सर्वनाम पहचान कर उनके भेद लिखे -

i) यह मेरा घर हैं ।

ii) उसने अपनी रक्षा आप की ।

ग) नीचे दिये गए वाक्यों में से विशेषण को पहचान कर उनके भेद के नाम लिखे -

i) आम बहुत मीठा हैं ।

ii) मैं प्रतिदिन व्यायाम करता हूँ ।

घ) नीचे दिये गए वाक्यों में से क्रिया - विशेषण चुनकर उनके भेद लिखे -

i) अचानक वर्षा होने लगी ।

ii) वह शीघ्र चला गया ।

ङ) नीचे दिये गए वाक्यों को पहचान कर उनके कालो के नाम लिखे -

i) रमा बाजार गई हैं ।

ii) रेलगाड़ी स्टेशन से छुट चुकी थी ।

च) खेल सामाग्री उपलब्ध करवाने हेतु अपने विददयालय के प्राधानाचार्य को पत्र लिखे ।

(खंड-ग) पाठ्य पुस्तक

प्रश्न 3. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) कवि खिले फूलों को कहाँ का द्वार दिखाना चाहता है?

ख) वस्तु-विनिमय क्या है?

ग) लेखक और उसके साथी खिड़की से दूर क्यों सरक गए ?

घ) 'दीवानों की हस्ती' पाठ के रचयिता कौन है ?

ड) चाँद बीवी कौन थी?

च) चाद ने नेहरु जी का स्वागत किस प्रकार किया?

छ) शक्ति के पतन और नाश का देश पर क्या प्रभाव पड़ा ?

ज) नेहरु जी स्मारकों,गुफाओं तथा इमारतों की ओर क्यों आकर्षित होते थे ?

प्रश्न 4. निम्लिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें-:

क) किस घटना ने लेखक को अचानक बदलू की याद दिला दी?

ग) लेखक शाम को जिस बस से यात्रा करना चाहता था, उसकी दशा कैसी थी ?

घ) दीवाने 'आज यहाँ, कल वहाँ' आवागमन क्यों करते रहते हैं ?

प्रश्न 5. निम्लिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें-:

क) 'ध्वनि' शीर्षक कविता में जीवन के प्रति कवि की आशावादिता किस प्रकार व्यक्त हुई है ?

ख) 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं |' इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

....